RBI गवर्नर को A+ वैश्विक रेटिंग

स्रोत : हिंदुस्तान टाइम्स

हाल ही में **भारत के प्रधानमंत्री ने भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के गवर्नर शक्तिकांत दास को ग्लोबल फाइनेंस सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड्स 2024 में 'A+' रेटिंग प्राप्त करने के लिये बधाई दी,** जो इस उच्च सम्मान की उनकी लगातार दूसरी उपलब्धि है।

- शक्तिकांत दास **डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन और स्विट्ज़रलैंड के थॉमस जॉर्डन के** साथ **"A+" रेटिंग प्राप्त करने वाले वैश्विक रूप से केवल तीन केंद्रीय बैंकरों में से एक हैं।**
- **ग्लोबल फाइनेंस पत्रिका** द्वारा मूल्यांकन की गई यह रेटिंग, **मुद्रास्फीति नियंत्रण, आर्थिक विकास, मुद्रा स्थिरता और ब्याज दर प्रबंधन** जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उनके प्रदर्शन के आधार पर लगभग 100 महत्त्वपूर्ण देशों के केंद्रीय बैंक गवर्नरों का मूल्यांकन करती है, जिसमें **"A+" से लेकर "F"** तक के ग्रेड होते हैं।
- ग्लोबल फाइनेंस के सेंट्रल बैंकर रिपोर्ट कार्ड, जो वर्ष 1994 में शुरू किये गए, आर्थिक चुनौतियों के प्रबंधन में **केंद्रीय बैंक की प्रभावशीलता के एक प्रमुख संकेतक के रूप में कार्य करते हैं।**
- यह मान्यता विशेष रूप से अस्थिर वैश्विक आर्थिक परिवेश में, मुद्रास्फीति नियंत्रण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन स्थापित करने में RBI की सफलता को रेखांकित करती है।

और पढ़ें: भारतीय रिज़र्व बैंक

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rbi-governor-secures-a-global-rating